आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 16.06.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- भारत की 16वीं जनगणना के लिए सरकार ने अधिसूचना जारी की।
- चम्पावत जिले में ''लिलियम'' की व्यावसायिक खेती न केवल किसानों के लिए आय का मजबूत स्रोत बन रही है, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार भी दे रही है।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने नैनीताल राजभवन में भीमताल स्थित एसओएस बाल ग्राम के बच्चों से संवाद किया।
- मौसम विभाग ने नैनीताल, बागेश्वर, रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी और टिहरी जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया।

जनगणना

भारत की 16वीं जनगणना के लिए सरकार ने आज अधिसूचना जारी कर दी है। यह जनगणना अपनी स्थापना के बाद से 16वीं राष्ट्रीय जनगणना और भारत की स्वतंत्रता के बाद आठवीं जनगणना होगी। अधिसूचना के तहत लद्दाख, जम्मू–कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के हिमाच्छादित असमकालिक क्षेत्रों के लिए जनगणना की तारीख पहली अक्टूबर, 2026 होगी। जबकि अन्य क्षेत्रों में जनगणना पहली मार्च, 2027 से होगी। जनगणना दो चरणों में पूरी की जाएगी। पहले चरण में प्रत्येक घर की स्थिति, परिसम्पत्तियां और सुविधाओं संबंधी जानकारी दर्ज की जाएगी। दूसरे चरण में आबादी की गणना, जनसांख्यिकी, सामाजिक–आर्थिक, सांस्कृतिक और प्रत्येक व्यक्ति से संबंधित अन्य विवरण दर्ज किया जाएगा।

फूलों की खेती– आत्मनिर्भर किसान

चम्पावत जिले में फूलों की खेती ने अब युवाओं के लिए आत्मनिर्भरता की नई राह खोल दी है। खासकर ''लिलियम'' की व्यावसायिक खेती न केवल किसानों के लिए आय का मजबूत स्रोत बन रही है, बल्कि यह स्थानीय लोगों को रोजगार भी दे रही है। जिले में लगभग 9 हेक्टेयर क्षेत्र में फूलों की खेती की जा रही है, जिसमें साढ़े तीन हेक्टेयर में विशेष रूप से लिलियम उगाया जा रहा है।
मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जी.एस. खाती के अनुसार, फूलों की खेती को प्रोत्साहित करने के लिये किसानों को उद्यान विभाग के माध्यम से 80 प्रतिशत सब्सिडी पर पॉलीहाउस बनवाने की सुविधा देने की योजना है, ताकि अधिक से अधिक युवा इससे जुड़कर स्वरोजगार पा सकें।
जिला उद्यान अधिकारी मोहित मल्ली ने बताया कि लिलियम की मांग के चलते, किसान इसकी खेती कर रहे हैं और इससे लाखों रुपये की आय अर्जित करने के साथ–साथ दर्जनों लोगों को रोजगार भी दे रहे हैं।

युवा किसान आशुतोष बताते हैं कि उन्हें उद्यान विभाग से सब्सिडी के तौर पर पॉलीहाउस मिले थे जिसमे वे मल्टी–लेयर क्रॉपिंग के माध्यम से लिलियम की खेती कर रहे हैं।

योग बागेश्वर

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत पूर्व निर्धारित गतिविधियों की श्रृंखला में आज ब्लॉक सभागार बागेश्वर में आयुर्वेद विभाग द्वारा वृहद आयुष मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ जिलाधिकारी आशीष भटगाईं, दर्जा राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट और नगरपालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने किया। मेले में विशेषज्ञ चिकित्सकों की ओर से जनसामान्य को आयुर्वेदिक पद्धति से स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के लिए विभिन्न पारंपरिक चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गईं।

राज्यपाल

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने नैनीताल राजभवन में भीमताल स्थित एसओएस बाल ग्राम के बच्चों से संवाद किया। उन्होंने बच्चों को जीवन में बड़े लक्ष्य तय कर निरंतर मेहनत करने, समाज और राष्ट्र के लिए प्रेरणास्रोत बनने का संदेश देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं दीं। राज्यपाल ने एसओएस बाल ग्राम भीमताल की 1984 से अब तक की यात्रा, 300 से अधिक बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने और समाज में उनकी भूमिका को सराहा। उन्होंने कहा कि एसओएस बाल ग्राम केवल बच्चों का आश्रय स्थल नहीं, बल्कि एक जीवंत व स्नेहिल परिवार है, जहां बच्चों को शिक्षा, कौशल और आत्मनिर्भरता का वातावरण दिया जाता है। उन्होंने संस्था के पारिवारिक देखरेख, परिजनोचित संरक्षण तथा देखभाल जैसे मॉडलों को समाज के लिए प्रेरक बताया और कहा कि यह संस्था न केवल सामाजिक सुरक्षा का उदाहरण है, बल्कि वह राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। राज्यपाल ने आधुनिक क्षेत्रों जैसे प्रौद्योगिकी व कृत्रिम बुद्धिमत्ता में भी रुचि लेने और कौशल अर्जित कर विकसित भारत के निर्माण में भागीदार बनने का आह्वान किया। उन्होंने संस्था के कार्यकर्ताओं, माताओं और नेतृत्व को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया।

मौसम

मौसम विभाग ने आज नैनीताल, बागेश्वर, रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी और टिहरी जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा प्रदेश के सभी जिलों में कहीं–कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने, वर्षा के तीव्र से अति तीव्र दौर और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की भी चेतावनी जारी की है।

कोरोना तैयारी ऊधमसिंह नगर

प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग कोरोना को लेकर सतर्क है। इस संबंध में पूर्व में एडवाइजरी भी जारी की गई है। इसी कड़ी में उधमसिंहनगर जिले में भी कोरोना से निपटने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि जिला चिकित्सालय, उप जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कोरोना के वार्ड आरक्षित किए गए हैं, जहां पर्याप्त मात्रा में बेड, ऑक्सीजन सिलेंडर, दवाएं, उपकरणों से सुसज्जित आईसीयू आदि सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि कुछ ऑक्सीजन प्लांट एक्टिवेट हो चुके हैं। सितारगंज में कुछ दिक्कत आ रही हैं, जिसे एक सप्ताह के अंदर पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि टीबी मुक्त उत्तराखंड को लेकर भी स्वास्थ्य विभाग युद्ध स्तर पर कार्य कर रहा है।